## एक नजर में

### नि :शुल्क मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग के साथ किडनी रोग से संबंधित शिविर



**बुरहानपुर।** मध्य भारत के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑल इज़ वेल बुरहानपुर द्वारा 21 दिसंबर रविवार को चार्विक मेड़िकल खरगोन में नि:शुल्क मस्तिष्क एवं रीढ की हड्डी रोग के साथ किडनी रोग से संबंधित शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 51 से अधिक मरीजों ने इसका लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ.प्रवीण बोर्डे ;मस्तिष्क एवं रीढ की हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं डॉ. निखिल तारखेडे ; मूत्र एवं किडनी रोग विशेषज्ञ द्वारा संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी गई। सभी मरीजों का निरूशुल्क जनरल चेकअपए ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर की जाँच की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक श्री कबीर चौकसे जी के दिशा निर्देशन में एवं चार्विक मेड़िकल के साथ डॉ.शालवीन राव, डॉ.गौरव पाटीदार, डॉ. रितेश गुर्जर के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

### तनाव मुक्ति एवं ध्यान केंद्र कार्यक्रम संपन्न



**शाहपुर।** जिला पुलिस मुख्यालय के अंतर्गत पुलिस थाना शाहपुर में आज रविवार को मध्यप्रदेश पुलिस महानिदेशक भोपाल के निर्देशन में एवं बुरहानपुर जिला पुलिस कप्तान देवेंद्र पाटीदार के मार्गदर्शन से मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में तनाव मुक्ति एवं ध्यान केंद्र हर दिल ध्यान हर दिन ध्यान का कार्यक्रम पुलिस थाना शाहपुर मे किया गया। थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा की उपस्थिती में थाना शाहपुर मे हैदराबाद से लाइव प्रसारण दिखाया गया इस कार्यक्रम मे सांदीपनी विद्यालय के बालिका छात्रावास के स्कुली छात्राओं ने तनाव मुक्ति की जानकारी लेकर तनाव मुक्त ध्यान केंद्र में उपस्थित रहे। जिसमें शाहपुर थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया की विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर सभी स्कुली छात्र.छात्राओं को एवं पुलिस विभाग के हर अधिकारी एवं कर्मचारियों को विभाग के कार्य करते समय तनाव मुक्त रहकर जीवन में मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य मे सुधार लाने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी वीरेंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधी गोपाल चौधरी, पार्षद विनोद चौधरी, युवा नेता आकाश राखोंडे, उमेश माहेश्वरी, बालिका छात्रावास अधीक्षिका मंगलू महाजन सहीत नगर के गणमान्य नागरीक उपस्थित रहे।

### तार चोर गिरोह पकड़ाया, बिजली कंपनी के एल्यूमिनियम तार की चोरी की थी, दो आरोपी फरार



**नेपानगर।** नेपानगर पुलिस चौकी नावरा ने बिजली के एल्यूमिनियम तार चोरी के शातिर चोरो गिरोह को पकड़ने में सफलता हासिल की है। चोरी के आरोपियों द्वारा बिजली के एल्युमिनीयम तार कीमती करीबन 02 लाख 50 हजार रुपये के चोरी करना स्वीकार किया। गिरफ्तार 03 आरोपियो से बिजली के एल्युमिनीयम के तार व घटना में शामिल एक अर्टिका कार क्रमांक कुल कीमती 06 लाख 50 हजार रुपये का माल बरामद किया। आरोपी शाहरुख़ पिता शफी खान 28 वर्ष निवासी पुनासा जिला खंडवा, माखन उर्फ विशाल पिता हरिराम प्रजापति 24 वर्ष निवासी पुनासा, विनोद पिता रामप्रसाद कलम जाति कोरकू उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम दामखेड़ा पुनासा जिला खंडवा को गिरफ्तार किया गया जबकि आरोपी मुकेश पिता हरिराम प्रजापति 28 वर्ष निवासी पुनासा, इमरान उर्फ इम्मू पिता शफी खान 28 वर्ष निवासी हरदा फिलहाल फरार है। आरोपियों से एल्युमिनीयम के विद्युत तार के 10 बंडल भी जब्त किए गए है।

**पुनासा से पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में उगला राज:**–पुलिस के अनुसरा संदेही शाहरुख़ तथा माखन निवासी पुनासा को पूछताछ के लिए चौकी नावरा लेकर आए जिनसे विद्युत तार चोरी के संबंध में तकनीकि व मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर अपने अन्य तीन साथी मुकेश प्रजापति, इमरान खान, विनोद के साथ मिलकर पलासुर रोड, साईखेड़ा, देड़तलाई, खकनार क्षेत्र से विद्युत खंभों पर लगे एल्युमिनीयम के विद्युत तार चोरी करना स्वीकार किया। फरार आरोपी मुकेश प्रजापति पुलिस चौकी पुनासा थाना नर्मदानगर क्षेत्र का निगरानी बदमाश है। पूर्व आउटसोर्स कर्मचारी था। इस पर पूर्व से वर्ष 2015 तथा 2020 में एल्युमीनियम तार चोरी के प्रकरण पंजीबद्ध है। वर्तमान में इसके विरुद्ध जिला हरदा में विभिन्न थाना क्षेत्र मे प्रकरण पंजीबद्ध हुए है जिसमें यह फरार है। आरोपी मुकेश प्रजापति तथा शाहरुख़ निवासी पुनासा द्वारा गिरोह बनाकर अलग अलग व्यक्तियो को शामिल कर एल्यूमिनियम तार की चोरी की जा रही थी।

### चोरी के आरोपियों को किया गिरफ्तार



**बुरहानपुर।** फरियादी बलभद्र पिता भगवान सिंह सेंगर द्वारा थाना हाजीर आकर रिपोर्ट की की में आलमगंज वाइन शॉप में सेल्समेन का कार्य करता हूं। दिनांक 02/12 /2025 की दरमियानी रात को वाइन शॉप में अज्ञात चोरों द्वारा कुछ शराब की बोतल एवं सीसीटीवी का क्स्त् एवं गले में रखी चिल्लर कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चुराकर ले गया जिसकी रिपोर्ट पर थाना गणपति नाका पर अपराध क्रमांक 263/25 धारा 331;4,305 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गणपति नाका सुरेश महाले के मार्गदर्शन में उद्घोषित आरोपियो एवं चोरी के प्रकरणो में फरार चल रहे आरोपियो की धर पकड़ करने हेतु टीम गठित की गई थी। टीम द्वारा कड़ी मेहनत एवं लगन से चोरी के प्रकरणों में पूछताछ करते हुए सूचना प्राप्त हुई जिस पर कुछ आरोपियों को पूछताछ करने हेतु थाने लाया गया जिनके द्वारा जुर्म शिकार किया कि हमारे द्वारा ही वाइन शॉप में चोरी की थी।

# मनरेगा से गांधी का नाम हटाना भाजपा की जनविरोधी साजिश, कांग्रेस सड़क से संसद तक लड़ेगी : टॉक

**बुरहानपुर।** भाजपा सरकार द्वारा देश की सबसे बड़ी और ऐतिहासिक जन.कल्याणकारी योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, मनरेगा का नाम बदलने के जनविरोधी निर्णय के खिलाफआज जिला कांग्रेस कमेटी बुरहानपुर द्वारा गांधी प्रतिमा के समीप जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू टॉक ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि महात्मा गांधी के विचारों, उनके श्रम.सम्मान और गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने के दर्शन का जीवंत प्रतीक है। भाजपा सरकार जानबूझकर इस योजना से गांधी जी का नाम हटाकर न केवल उनके विचारों को मिटाने की कोशिश कर रही है, बल्कि देश के करोड़ों



गरीब, मजदूर और किसानों के संवैधानिक अधिकारों पर भी सीधा हमला कर रही है।

रिंकू टॉक ने कहा कि यह पूरी तरह से सुनियोजित राजनीतिक साजिश है। भाजपा सरकार एक तरफतो गांधी जी के नाम का दिखावटी सम्मान करती है और दूसरी तरफ उन्हीं गांधी जी के नाम से जुड़ी सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना से उनका नाम हटाने का काम कर रही है। यह भाजपा का दोहरा चेहरा है, जिसे देश की जनता अब अच्छी तरह समझ चुकी है।

टॉक ने आगे कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा के तहत अपनी वित्तीय जिम्मेदारियों से बचने के लिए राज्यों पर हिस्सेदारी का अतिरिक्त बोझ डाल रही है। यह सीधे.सीधे गरीबों के कानूनी अधिकार पर हमला है। मनरेगा कोई दया या भीख नहीं, बल्कि संसद द्वारा पारित योजना है, जो ग्रामीण भारत के लोगों को काम का अधिकार देती है। भाजपा सरकार इस अधिकार को कमजोर करना चाहती है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार यह विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि जब तक भाजपा सरकार अपना यह जनविरोधी फैसला वापस नहीं लेती, तब तक कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी और सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रहेगा।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार गरीबों, मजदूरों, किसानों और वंचित वर्गों के खिलाफ फैसले ले रही है। कभी मनरेगा को कमजोर किया जाता है, कभी उसकी राशि रोकी जाती है और अब नाम बदलकर उसकी मूल आत्मा को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस पार्टी ऐसा कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। कार्यक्रम को ग्रामीण अध्यक्ष रविंद महाजन शेख रुस्तम पार्षद हमीद डाइमंड कैलाश यावतकर हेमन्त पाटिल आदि नेताओं ने भी सम्भोधित किया

वही कार्यक्रम मे मुख्य रूप से उपस्थित हुए जिलाध्यक्ष रिंकू टॉक, ग्रामीण आध्यक्ष पूर्व विधायक रविंद महाजन, पूर्व विधायक हमीद काज़ी, पूर्व विधायक ठाकुर सुरेंद्र सिंह, निगम अध्यक्ष श्रीमती अनिता अमर यादव सलीम कोटनवाला, श्री संजय चौकसे, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्जुन जंगाले, इनाम अंसारी, श्रीमती मीनाक्षी महाजन, इस्माईल अंसारी हामिद डाइमंड विनोद मोरे आसिफ़ खान हाफ़िज़ मंसूरी शाहिद बंदा मुज्जु मीर अजय बलापुरकर नोमान खान श्री कैलाश यावतकर, शैख़ रुस्तम, तस्लीम मर्चेंट, आशीष भगत, रियाज़ अंसारी, रामभाऊ लांडे, हंसराज पाटिल, पदम् चौहान, मुकेश बुंनगाल, वसीम बक्स, इमरान हुसैन, असलम खान, साज़ीद अंसारी, अरुण महाराज, शेख आरिफ, असग़र चौधरी, प्रमोद जैन, रहीम भाई, रफ़ीक़ मंसूरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन पदाधिकारी वरिष्ठ नेता गण उपस्थित रहे।

## इच्छापुर हाईवे पर भेड़ों से टकराकर बाइक सवार घायल

**नवभारत न्यूज,**
**ईच्छापुर।** इच्छापुर हाईवे पर रविवार को एक दंपत्ति की बाइक भेड़ों से टकरा गई। हादसे में पति के चेहरे पर चोट आई, जबकि पत्नी सुरक्षित रहीं। मौके पर मौजूद यातायात पुलिस ने घायल पति को तुरंत अस्पताल पहुंचाया और लोगों से हेलमेट पहनने की अपील की। यह घटना शाहपुर रोड पर हुई, जब दंपत्ति अपनी बाइक से जा रहे थे और अचानक उनके सामने भेड़ें आ गईं। टक्कर के कारण बाइक सवार पति घायल हो गए। गनीमत रही कि उन्हें केवल चेहरे पर चोटें आईं। उसी दौरान, चालानी कार्रवाई कर रहे यातायात जवान आशीष सिंह तोमर और उनकी टीम ने घायल दंपत्ति को देखा। उन्होंने तुरंत एक चार पहिया वाहन में बैठाकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। पुलिस टीम ने मौके पर मौजूद लोगों से वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने की अपील की। अक्सर महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में भेड़ें चराई के लिए मध्य प्रदेश के बुरहानपुर सहित अन्य जिलों में लाई जाती हैं। कई बार इन भेड़ों के कारण सड़कें जाम हो जाती हैं, जिससे



दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। यातायात थाना प्रभारी राजेश बारवाल के अनुसार, बुरहानपुर जिले में हर साल लगभग 400 से अधिक सड़क हादसे होते हैं, जिनमें से 250 से अधिक मामले बाइक दुर्घटनाओं के होते हैं। इन हादसों में बिना हेलमेट वाहन चलाने के कारण गंभीर चोटें और मौतें भी होती हैं। यातायात पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करती है और कई बार हेलमेट भी वितरित किए जाते हैं।

## फास्टफूड का बढ़ता प्रचलन, भोज्य पदार्थों में केमिकल बड़ा कारण : डॉ .चांडक

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** कैंसर रोग का निदान संभव है किन्तु इसके लिए रोगी का सहयोग आवश्यक है। वर्तमान में असंतुलित खानपान, फास्टफूड का बढता प्रचलन, विभिन्न भोज्य पदार्थों में केमिकल का मिला होना, योग एवं व्यायाम की प्रवृत्ति का अभाव, दिनभर कुर्सियों पर बैठे रहना, मानसिक कार्य अधिक करना और शारीरिक श्रम से बचना तथा बीमारी को पनपने देना आदि अनेक कारण कैंसर के हैं। महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर एवं गर्भाशय के कैंसर की अधिकता है। ब्रेस्ट कैंसर का सबसे बड़ा कारण महिलाओं द्वारा शिशुओं को दूध नहीं पिलाना तथा शरीर सौष्ठव न बिगड़े इसलिए दूध को सुखाना आदि प्रमुख कारण हैं। यह विचार जलगांव से आमंत्रित डॉण् निलेश चांडक ने राजस्थान सेवा समिति द्वारा श्री राजेशचान्दमल जैन एवं श्री अशोक लोहिया के नेतृत्व में आयोजित कैंसर निदान कार्यशाला में स्थानीय राजस्थानी भवन में व्यक्त किये। समाजसेवी श्री भगवतीप्रसाद बगड़िया एवं लॉयन्स क्लब के पूर्व



गवर्नर डॉ.आई.एल.मूंदडा ने मंचासीन होकर कैंसर निदान संबंधी संस्मरण सुनाए।

इस अवसर पर डॉ.निलेश चांडक के उपचार से कैंसर मुक्त हुए शाहपुर निवासी श्री काशीनाथ दुबे एवं श्रीमती गौरी शर्मा ने डॉ.निलेश चांडक के इलाज की प्रशंसा की और कहा कि वे अभावग्रस्त रोगियों का भी पूरा सहयोग करते हैं। संचालन श्री अतुल लोहिया ने किया। राजस्थान सेवा समिति प्रभारी.श्री राजेशचान्दमल जैन ने आभार व्यक्त किया और कहा कि बुरहानपुर को कैंसर मुक्त रखने की दिशा में यह कार्यशाला उपयोगी है। डॉ. निलेश चांडक एवं मंचासीन.श्री भगवतीप्रसाद बगड़िया एवं डॉ.आई.एल.मूंदड़ा का स्वागत राजस्थान समाज के अध्यक्ष.श्री कैलाश पारीक एवं जतनलाल सेठिया, मुकेश देवड़ा, निर्मल लाठ, चेतना महिला मंडल एवं मारवाड़ी युवा मंच की ओर से किया गया।

कार्यशाला में समाजसेवी श्री धरमचन्द पाटौदी, डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती, डॉ.मनोज माने ;भाजपा जिलाध्यक्ष, जम्बूकुमार पहाड़िया, संतोष जैन, पवन जैन, महावीर सोनी, राजेश पोद्दार, राकेश लाड तथा बड़ी संख्या में राजस्थानी समाजजन उपस्थित थे। इस अवसर पर कैंसर रोग के कारण, कैंसर रोग तथा उसके उपचार से संबंधित पोस्टरों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी थी। डॉ.निलेश चांडक ने स्लाइड.प्रोजेक्टर के माध्यम से कैंसर के उपचार एवं प्रभाव पर प्रभावी रोशनी डाली। उन्होंने सुझाव दिया कि लड़के.लड़कियों का विवाह 25 वर्ष की उम्र से पहले हो जाना चाहिए। गर्भ में आये शिशु को जन्म देना चाहिए। नियमित मोटे अनाज.ज्वारए बाजराए मक्का के भोजन के साथ फायबर युक्त फल एवं सब्जियां खाना चाहिए। प्रात: सायं पैदल भ्रमण करना चाहिए। तम्बाकू का सेवन नहीं करना चाहिए। रोग न हो इसके लिए प्रारंभिक जागरूकता एवं रोग होने पर समय से उपचार करना चाहिए। डॉ.निलेश चांडक का पौधा देकर समिति ने सम्मान किया।

## बुरहानपुर एवं नेपानगर भाजपा का होगा विधानसभा सम्मेलन आज

**अटल स्मृति पर्व अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमो पर किया जाएगा मंथन : जिलाध्यक्ष डॉ . माने**

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला बुरहानपुर की भाजपा जिला कार्यालय पर आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा जिला टोली की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में अटल स्मृति पर्व अंतर्गत भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती को गरिमामय रूप से मनाने को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। संगठनात्मक मजबूती एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से विचार.विमर्श हुआ। सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में विधानसभा सम्मेलन एवं कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। सम्मेलन में सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी, विघायक नेपानगर मंजु राजेन्द्र दादु उपस्थित रहेगें।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने ने बताया कि जिले की बुरहानपुर एवं नेपानगर विधानसभा का सम्मेलन



22 दिसंबर 2025 को आयोजीत किया जा रहा है। इस सम्मेलन को लेकर जिला टोली का गठन किया गया है। बुरहानपुर विधानसभा के लिए प्रभारी जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, सह प्रभारी वरिष्ठ नेता बलराज नावानी, रूर्देश्वर एन्डोले पुर्व मंडल अध्यक्ष, रूपेश लिहंकर पिछडा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री एवं दिनकर महाजन पुर्व मंडल अध्यक्ष शाहपुर को नियुक्त किया गया है।

भाजपा जिला सह मिडिया प्रभारी राकेश कुमार पुर्वे ने बताया कि वही नेपानगर विधानसभा के लिए बनाई गई टोली में प्रभारी जिला महामंत्री राहुल जाधव, सह प्रभारी निलेश चौकसे पुर्व जिला मंत्री, राजेश चौहान पुर्व नगर पालिका अध्यक्ष, गजानन यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष नावरा एवं लाला चारण पिछडा वर्ग मोर्चा जिला मंत्री को बनाया गया है।

**बुरहानपुर विधानसभा स्तरीय सम्मेलन:**– भारतीय जनता पार्टी जिला बुरहानपुर द्वारा दिनांक 22 दिसंबर 2025 सोमवार को बुरहानपुर विधानसभा का सम्मेलन आयोजित किया गया है। यह सम्मेलन परमानंद गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम इंदिरा कॉलोनी बुरहानपुर में समय दोपहर 3 बजे से होगा। इस सम्मेलन में सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील खंडव संसदीय क्षेत्र, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी उपस्थित रहेगें। डॉ.मनोज माने जिलाध्यक्ष, चिंतामण महाजन विधानसभा सम्मेलन संयोजक एवं जिला महामंत्री, सह प्रभारी वरिष्ठ नेता बलराज नावानी, रूर्देश्वर एन्डोले पुर्व मंडल अध्यक्ष, रूपेश लिहंकर पिछडा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री एवं दिनकर महाजन पुर्व मंडल अध्यक्ष शाहपुर ने बुरहानपुर विधानसभा मे निवासरत समस्त पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि गण, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, वरिष्ठजनो एवं कार्यकर्ता बंधुओ से आग्रह किया है कि विधानसभा सम्मेलन मे अवश्य पधारे।

**नेपानगर विधानसभा स्तरीय सम्मेलन :**– भारतीय जनता पार्टी जिला बुरहानपुर द्वारा दिनांक 22 दिसंबर 2025 रविवार को नेपानगर विधानसभा का सम्मेलन आयोजित किया गया है। यह सम्मेलन कलचुरी समाज भवन, डोईफोडिया में समय प्रात: 11 बज होगा। इस सम्मेलन में सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील खंडवा एवं विघायक नेपानगर मंजु राजेन्द्र दादु उपस्थित रहेगें। संसदीय क्षेत्र, विधानसभा सम्मेलन संयोजक राहुल जाधव, जिला महामंत्री, सुभान सिंह चौहान जिला महामंत्री भाजपा, बुरहानपुर ने नेपानगर विधानसभा मैं निवासरत समस्त पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि गण, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, वरिष्ठ जन एवं कार्यकर्ता बंधुओ से आग्रह है कि विधानसभा सम्मेलन मे अवश्य पधारने का अनुरोध किया है।

## समस्त थानों में स्टॉफ द्वारा हार्टफुलनेस ध्यान योग



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** डीजीपी पुलिस के आदेश अनुसार पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक रविवार को सभी थानों में हार्टफुलनेस मेडिटेशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार एवं श्रीमती आराधना देवेंद्र पाटीदार के मार्गदर्शन में दिनांक 21/12/2025 विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर पुलिस की तनावपूर्ण व चुनौतीपूर्ण ड्यूटी के चलते, पुलिसकर्मियों के शारिरिक व मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए रेणुका पुलिस लाइन ग्राउंड बुरहानपुर के साथ.साथ जिलेभर के समस्त अनुभागों एवं थानाध्चौकी स्तर पर सामूहिक ध्यान कार्यक्रम आयोजित किए गए। तीन दिनों तक चले इस अभियान में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी पुलिस परिवार के सदस्यों ने सहभागिता कर ध्यान योग अभ्यास किया। विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन एवं सकारात्मक कार्यसंस्कृति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्था के संयुक्त तत्वावधान में बुरहानपुर जिले में संचालित श्तनावमुक्ति एवं ध्यान केंद्र, हर दिल ध्यान, हर दिन ध्यानश् अभियान के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय ध्यान योग कार्यशाला का आज सफलता पूर्वक समापन हुआ। सेमिनार में पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार, श्रीमती आराधना देवेंद्र पाटीदार, नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल, पुलिस लाईन, अधीक्षक कार्यालय एवं समस्त थानों से अधिक पुलिस अधिकारी / कर्मचारी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

**एक नजर** बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र के शाहपुर नगर को विभिन्न बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों की सौगात मिली है

## शाहपुर में 1 करोड़ 89 लाख के कार्यों की सौगात, 101 करोड़ के विकास कार्य प्रगतिरत : चिटनिस

**नवभारत न्यूज,**
**शाहपुर।** बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र के शाहपुर नगर को कुल 1 करोड़ 89 लाख रुपए की लागत से विभिन्न बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों की सौगात मिली है। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने इन कार्यों का विधिवत भूमि पूजन और अनेक कार्यों को नगरवासियों को समर्पित किया। इस अवसर पर श्रीमती चिटनिस ने बताया कि शाहपुर नगर में वर्तमान में 101 करोड़ रूपए से अधिक की लागत से कई विकास कार्य प्रगतिरत हैं, जो नगर को एक आधुनिकए सुव्यवस्थित और नागरिक.केंद्रित शहर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

**68 लाख की लागत से शाहपुर–बख्खारी मार्ग का निर्माण:**– अर्चना चिटनिस ने शाहपुर नगर से ग्राम बख्खारी तक बनने वाली सड़क का भूमिपूजन किया। लगभग 68 लाख रुपए की लागत से बनने वाली यह सड़क नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच संपर्क को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी। इस सड़क से विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्कूलों तक आसान आवागमनए किसानों को अपनी कृषि उपज की त्वरित ढुलाई, व्यापारियों और आम नागरिकों के लिए सुविधाजनक यातायात सुनिश्चित होगा। यह सड़क नगर और ग्रामीण अंचल के विकास में



सहायक और समय की बचत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**121 करोड़ की लागत के कार्य जन उपयोग हेतु किए समर्पित, वार्डवासियों ने किया स्वागत:**–विधायक अर्चना चिटनिस ने नगर के वार्ड क्रमांक 11 स्वामी समर्थ नगर में विभिन्न विकास कार्यों को जन उपयोग हेतु समर्पित किया। इसमें 19 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माणए 82 लाख रुपए की लागत से निर्मित की गई दो नवीन सड़क मार्ग का निर्माण कार्य का जनता को समर्पित किया। इसमें 42.37 लाख रुपए की लागत से स्वामी समर्थ नगर में सीमेंटे सड़क निर्माण एवं 39.88 लाख रुपए की लागत से बनी छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा से श्री स्वामी समर्थ मंदिर तक सड़क शामिल है। इन कार्यों से नगरवासियों की यातायात सुविधाए जल निकासी और सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार हो रहा है। साथ हीए नगर के विभिन्न हिस्सों में किए गए 20 लाख रुपए के जल प्रदाय कार्य के माध्यम से नागरिकों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

विधायक अर्चना चिटनिस ने कहा कि शाहपुर नगर का सर्वांगीण विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बुनियादी ढांचे, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को निरंतर सशक्त कर रही है। 1 करोड़ 89 लाख के ये विकास कार्य आमजन के जीवन को सरलए सुरक्षित और सुविधाजनक बनाएँगे। साथ ही नगर की सुंदरता और स्वच्छता में भी गुणात्मक वृद्धि होगी। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी दिशा में नगर परिषद द्वारा संचालित लास्टिक मुक्त शाहपुर



नगर अभियान नगर को हरित, स्वच्छ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती साधना वीरेंद्र तिवारी ने नगरवासियों को शहर में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी और सभी से स्वच्छता, हरियाली और विकास अभियानों में सक्रिय सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम के दौरान नगरवासियों ने विधायक अर्चना चिटनिस, नगर परिषद अध्यक्ष साधना तिवारी और उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी गोपाल चौधरी का गर्मजोशी से स्वागत किया। नागरिकों ने इन विकास कार्यों की खुले दिल से सराहना की और इसे नगर के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में शाहपुर नगर बेहतर सड़क नेटवर्क, सुव्यवस्थित नालियांए निर्बाध जल आपूर्ति, स्वच्छ वातावरण और आकर्षक नगर संरचना के साथ विकास का आदर्श मॉडल बनकर उभरेगा।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती साधना तिवारी, उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी गोपाल चौधरी, हरिभाउ तुकाराम लांडे, वीरेंद्र तिवारी, गोपाल चौधरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, किशोर पाटिल, श्रीमती दीपाली मुकेश बुंगाल, विनोद चौधरी, विजय दौड़े, अशोक निकम, जब्बार खां, कैलाश असेरकर, पवन बडोले, शेख शाकिर, अरूण चौधरी, मनोज चौधरी, आकाश राखुंडे, विठ्ठल किरोचे, सुनिल पाटिल, नत्थू अमोदे, जेपी गुहा, नगर परिषद के सीएमओ दिलीप चौहानए काशीनाथ सोनवणे, बाडु महाजन, सुभाष बुंगाल एवं संजय महाजन स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।